अध्याय 14

अब्राहम का युद्ध में हस्तक्षेप और दो राजाओं से उसकी मुलाकात

लूत का यरदन की तराई का चुनाव करके सदोम की तरफ़ अपना तम्बू गाड़ने का निर्णय बहुत तरह से दुखद भयंकर रहा। इस चुनाव ने उसे और उसके परिवार को एक दुष्टता से भरे वातावरण और परिवेश में उजागर कर दिया, जो उनकी नैतिकता के लिए एक बड़ा खतरा बन गया था (देखें 19:1-8) इस बात से एक मात्र सच्चे परमेश्वर के प्रति उनके विश्वास में भी गिरावट आई, जो लोगों को उनकी दुष्टता के लिए ज़िम्मेदार ठहराता है और उनका न्याय भी करता है जो अपनी बुरी चाल से नहीं फिरते (देखें 19:12-22)। इस चुनाव ने उनके जीवन पर भी गंभीर रूप से प्रभाव डाला, सदोम में रहने के कारण उनपर पूर्व से आने वाले चार राजाओं के द्वारा आक्रमण किया गया। इन शासकों ने अपनी पूरी सेना के साथ धावा बोल दिया ताकि उन पाँच राजाओं को दंड दे सकें जो मृत सागर के आम इलाकों में रहते थे और उनके अधिपति की मांगो को सालाना पूरा नहीं कर रहे थे। जबकि कनान के दक्षिण पूर्वी सीमाओं के पाँच राजा अपने क्षेत्र के शहर-राज्यों के छोटे-मोटे राजा ही थे, यह पूर्व से आने वाले चार राजा उनकी तुलना में बहुत ही शक्तिशाली और सामर्थी थे। वे बड़े देशों के शासक थे जिसमें कई शहर भी शामिल थे और वे सभी शहर जो उनके क्षेत्र में थे मजबूर थे कि कुछ हद तक अपनी स्वतंत्रता को बनाये रखने के लिए उन शक्तिशाली राजाओं को भेंट चढ़ाये।

राजाओं का युद्ध (14:1-12)

[1]शिनार के राजा अम्रापेल, और एल्लासार के राजा अर्योक, और एलाम के राजा कदोर्लाओमेर, और गोयीम के राजा तिदाल के दिनों में ऐसा हुआ, [2]कि उन्होंने सदोम के राजा बेरा, और अमोरा के राजा बिर्शा, और अदमा के राजा शिनाब, और सबोयीम के राजा शेमेबेर, और बेला जो सोअर भी कहलाता है, इन राजाओं के विरुद्ध युद्ध किया। [3]इन पांचों ने सिद्दीम नाम तराई में, जो खारे ताल के पास है, एका किया। [4]बारह वर्ष तक तो ये कदोर्लाओमेर के अधीन रहे; पर तेरहवें वर्ष में उसके विरुद्ध उठे। [5]सो चौदहवें वर्ष में कदोर्लाओमेर, और उसके संगी राजा आए, और अशतरोत्कनम में रपाइयों को, और हाम में जूजियों

को, और शबेकिर्यातैम में एमियों को, 6और सेईर नाम पहाड़ में होरियों को मारते - मारते उस एल्पारान तक जो जंगल के पास है, पहुंच गए। 7वहां से वे लौट कर एन्मिशपात को आए, जो कादेश भी कहलाता है, और अमालेकियों के सारे देश को, और उन एमोरियों को भी जीत लिया, जो हससोन्तामार में रहते थे। 8तब सदोम, अमोरा, अदमा, सबोयीम, और बेला, जो सोअर भी कहलाता है, इनके राजा निकले, और सिद्दीम नाम तराई में, उनके साथ युद्ध के लिये पांति बान्धी। 9अर्थात एलाम के राजा कदोर्लाओमेर, गोयीम के राजा तिदाल, शिनार के राजा अम्रापेल, और एल्लासार के राजा अर्योक, इन चारों के विरुद्ध उन पांचों ने पांति बान्धी। 10सिद्दीम नाम तराई में जहां लसार मिट्टी के गड़हे ही गड़हे थे; सदोम और अमोरा के राजा भागते - भागते उन में गिर पड़े, और जो बचे वे पहाड़ पर भाग गए। 11तब वे सदोम और अमोरा के सारे धन और भोजन वस्तुओं को लूट लाट कर चले गए। 12और अब्राम का भतीजा लूत, जो सदोम में रहता था; उसको भी धन समेत वे ले कर चले गए।

पूर्व से आने वाले चार राजाओं का पश्चिम पर आक्रमण करने की घटना को कुछ लोग काल्पनिक मानते है, क्योंकि इतिहास में इसका कोई ज्ञान और पृष्ठ भूमि नहीं है। परन्तु यह विश्वास करने के कई कारण हैं कि यह वास्तव में एक ऐतिहासिक घटना है। उदाहरण के लिए लेखक ने कहानी का वर्णन कुछ इस तरह से किया है कि ऐसा लगे जैसे कि उसने किसी प्राचीन सूत्र का अनुकरण किया हो। उसने कुछ अप्रचलित नामों का प्रयोग किया है जो उसके लिखने के दौरान चलन में नहीं थे और उसने व्याख्यात्मक नामों और कथनों को भी शामिल किया जो बाद में पढ़ने वालों को समझ आ जाये (देखें 14:2, 3, 7, 8, 17)।

आयत 1. आलोचकों को अध्याय 14 से एक समस्या यह भी है कि वे बाहरी सूत्रों से निश्चित रूप से यह जानने में असमर्थ है कि वे चार राजा कौन थे जो पश्चिम के पाँच राजाओं के विरुद्ध पूर्वी गठबंधन में सम्मिलित हुए थे। **कदोर्लाओमेर जो आराम का राजा था** वह पूर्वी राजाओं के गठबंधन का अगुवा था, "जिसकी सेवा" पश्चिम के राजाओं ने "बारह वर्ष" तक की थी (14:4)। कदोर्लाओमेर, नूह के पुत्र शेम के वंश का था, जिसके प्रथम पुत्र का नाम "आराम" था (10:22)। अरामी लोग प्राचीन फारस (आज के ईरान का दक्षिण-पश्चिमी इलाका) में वास करते थे और सुसा उनकी राजधानी हुआ करती थी।

कदोर्लाओमेर के मित्र राष्ट्र ये थे (1) **शिनार के राजा अम्रापेल** ("शिनार" बेबीलोन का प्राचीन नाम हुआ करता था), (2) **एल्लासार के राजा अर्योक**, और (3) **गोयीम के राजा तिदाल**। इसमें से किसी भी व्यक्ति विशेष को प्राचीन पूर्व के पास के राजाओं के साथ सीधे या स्पष्ट रूप से जोड़ा नहीं जा सकता और जो जगहों के नाम दिए है "एल्लासार"[1] और "गोयीम" (जिसका अर्थ है "लोग" या "राष्ट्र") यह भी इस लेख के बाहर अज्ञात है। पूर्व के छोटे राज्यों के इतिहास के विषय में हमारा ज्ञान अधूरा है, विशेषकर द्वितीय सहस्राब्दी के पहली हिस्से के

विषय में। इसलिए इन छोटे राज्यों के शासकों के विषय में, प्रमाणों का अभाव इनके इतिहास के न होने के प्रमाण के रूप में नहीं माना जाना चाहिए।

यह नाम इन लेख पर विश्वास करने के अन्य कारण प्रस्तुत करते हैं, क्योंकि इनमें एक विशेष प्रमाणिकता का एहसास होता है। वे अब्राहम के काल में रहने वाले पूर्वी लोगों के नामों से काफ़ी मेल खाते हैं। "कदोर्लाओमेर" एक अरामी नाम है *(कुटीर और एक देवता)*। यह नाम "आराम के राजा" के रूप में अपने औहदे और पद के योग्य ठहरता है। "अम्रापेल" एक यहूदी नाम जैसा प्रतीत होता है जो "शिनार के राजा" (बेबीलोन) के लिए उपयुक्त है। "एरिओक" की उत्पत्ति हुर्रियन से हुई है, जिसमें हम प्राचीन शहर मारी *(अर्रीयुक)* और नुज़ी*(अर्रीयुकी)* से समानता देख सकते हैं। "टाइडल" एक प्राचीन हित्ती नाम है *(तुडखालिया)* जो बहुत से शासकों द्वारा अपने लिए इस्तेमाल किया गया है। टाइडल की उपाधि जिसका अर्थ "लोगों का राजा" है, वह उस उपाधि से जैसा है जो *(अनातोलिया)* में प्रधान या आला दर्जे के प्रशासनिक अधिकारी के लिए इस्तेमाल की जाती थी।[2] यह कुछ असंभव सा जान पड़ता है कि एक इस्राएली 1,000 या 1,500 वर्ष बाद इस तरह के काल्पनिक चरित्र बनाने में सफ़ल हो जाता है जिनके नाम प्राचीन काल की संस्कृति के लिए उपयुक्त हो और जो वास्तविक भी लगे, भले ही वह ऐसा करने का आदि ही क्यों न हो।

आयत 2. पूर्वी गठबंधन द्वारा जिन राजाओं पर आक्रमण किया गया था वे आगे सूचीबद्ध है, सिर्फ़ एक आखिरी के अलावा: **बेरा जो सदोम का राजा था**, **और ... बिर्शा अमोरा का राजा**, **शिनाब अदम का राजा**, **और शेमेबेर सबोयीम का राजा और बेला (जो सोअर भी कहलाता है)**। ये अनिश्चित है की सूची से सिर्फ़ बेला के राजा का नाम अनुपस्थित क्यों है। लेख की प्रमाणिकता के लिए उलझन बनने के बजाये, यह अनुपस्थिति असल में सूची में उपस्थित राजाओं को विश्वसनीयता प्रदान करता है। अगर इस लेख का लेखक किसी काल्पनिक वृत्तांत के लिये अपने मनगढ़ंत नाम लिखने की कोशिश कर रहा था तो बेशक वह इस पड़ाव पर ऐसा कर सकता था। परंतु इसके विपरीत, उसके ऐसे न करने से यह ज्ञात होता है कि वृत्तांत की सत्यता के लिए उसके मन में सम्मान था और वह पूरी विश्वासयोग्यता से उसे बचाए रखने और बिना किसी बदलाव के आगे की पीढ़ी को सौंपना की इच्छा रखता था, भले ही उसमें से एक नाम गायब ही क्यों न हो। बाइबल के वृतांतों की घटनाएं और पाए जाने वाले नाम दोनों ही उस प्रांत से मेल खाते हैं जहां इन शासकों ने राज्य किया था।

आयत 3. चारों पूर्वी राजा पाँचों पश्चिमी राजाओं के विरोध में पश्चिम आये, जो **सिद्दिम (जो खारा सागर है) की तराई के आम इलाकों** में रहते थे। जबकि पाँच पश्चिमी शहर (14:2) और "सिद्दिम की तराई" की पहचान निश्चित नहीं है, यह एक आम धारणा है कि वे मृत सागर के दक्षिण छोर पर स्थित थे[3] (टिप्पणी देखें 14:8-10)।

आयत 4. लेखक इस बात का ज़िक्र करता है कि पश्चिम के छोटे राजाओं ने बड़ी विश्वासयोग्यता से **बारह साल कदोर्लाओमेर की सेवा की** थी; पर **तेरहवें वर्ष के आरम्भ में** उन्होंने विद्रोह कर दिया। इसका अर्थ यह है कि उन्होंने अपने अधिपति को सालाना भेटें देने से इनकार कर दिया। (देखें 2 राजा 18:7, 13-16)।

आयतें 5-7. जब **चौदहवां वर्ष आया**, **कदोर्लाओमेर** और उसके मित्र राष्ट्रों ने पश्चिम पर आक्रमण कर दिया। क्यों इस अरामी राजा ने इन विद्रोही दासों पर आक्रमण करने के लिए "चौदहवें वर्ष तक" प्रतीक्षा की? शायद वह पश्चिमी राजाओं को समय दे रहा था कि वे अपने द्वारा किए जा रहे विद्रोह के दुष्परिणाम के विषय में अच्छे से विचार कर लें। या यह भी संभव है कि गठबंधन के मुखिया को अन्य सदस्यों को इतनी बड़ी लागत के साथ कूच करने और पश्चिम राज्यों पर विजय प्राप्ति हेतु पर्याप्त सेना का प्रबंध करने के लिए तैयार करने में समय लगा होगा।

पूर्वी गठबंधन ने प्रथम आक्रमण उत्तर से दक्षिण (राजपथ) पर यरदन के पूर्व मध्य पर्वत श्रेणी पर किया (देखें गिनती 20:17; 21:22)। व्यवस्थाविवरण के आरंभिक अध्यायों के अनुसार, इस्राएल यरदन नदी पार करने के पहले और पूर्व से यरीहो को जीतने और कनान को अपने अधिकार में करने के लिए उलटे दिशा दक्षिण - उत्तर से गए और वह जाने के लिए उन्होंने यही मार्ग लिया था। 14:5-7 में, उन जगहों की सूची मिलती है जहाँ - जहाँ पूर्वी राजाओं ने युद्ध के आरम्भ में आक्रमण किया था।

ऐश्तोरेथ-करनयिम में रेफाइम (रपाई): ऐश्तोरेथ (करनियम के पास) गलील की झील के पूर्व में बसा बाशान का एक शहर था। (आज यह टल अशतरहा के नाम से जाना जाता है, एक स्थल जो दक्षिण सीरीया की सीमाओं के अन्दर आता है)। अब्राहम के काल के बाद, रेफाइम भयानक लोग बन गए, और कनान की भूमि को प्राप्त करने के लिए इस्राएलियों को इन्हें परास्त करना था। इनकी सबसे ज़्यादा तादाद बाशान में थी। बाइबल इस बात का संकेत देती है कि इनमें से कुछ पुरुष अत्यधिक लम्बी ऊँचाई वाले थे (व्यव. 2:10, 11, 20, 21)। उनका अंतिम राजा ओग था, जिसके पास एक शय्या थी जो नौ हाथ लम्बी (तेरह फीट से भी ज़्यादा) थी (व्यव. 1:4; 3:10, 11)।

हाम में ज़ुज़ीम: यह सिर्फ़ इसी बाइबल के आयत में पाया जाता है। कुछ लोग उनकी बराबरी व्यवस्थाविवरण 2:20 के ज़मज़ुम्मीम से करते है। इस संबंध का समर्थन मृत्यु सागर स्क्रोल में पाए गए लेखों द्वारा किया जाता है, वे उन्हें "ज़मज़ुम्मीम बोलते है जो अम्मोन में थे"[4] हालांकि हाम गिलाद में था स्थित था, परंतु कुछ लोग इसे तेल हाम मानते है, जो प्राचीन (राजपथ) के पास इर्बिद के दक्षिण-पश्चिम में बसा है।

शावे-किरिअथइम में एमिम: שָׁוֵה *(शावेह)* नाम का अर्थ "समतल" भूमि या "तराई" है। इसलिए, जो संकेत या उल्लेख मिलता है वह किर्यातैम के पास की

समभूमि का है, एक नगर जो उत्तर मोआब में स्थित है (गिनती 32:37; यहोशू 13:19; यिर्म. 48:1, 23; यहेज. 25:9)। किर्यातैम का ठीक-ठीक ठिकाना अनिश्चित है।

होरी अपने सेईर पर्वत पर, उतनी दूर जितनी एल-परान, जो जंगल के समीप है: सेईर पहाड़ी इलाका था जो मृत सागर और अकबाह की खाड़ी के बीच में स्थित था (व्यव. 2:12, 22), जहाँ होरी एदोमियों के आने और बसने के पहले रहा करते थे। जब लेख यह कहता है कि पूर्वी राजा "उतनी दूर तक जितनी" एल-परान था, जीत हासिल कर ली थी, ऐसा लगता है कि वे पूरे एलत आज का (एलिअत) तक पहुँच गए थे।[5] एस्योनगेबेर एलत के नज़दीक था, और बाद के पुराने नियम के इतिहास में वह अक़बाह की खाड़ी का एक महत्वपूर्ण शहर बन गया (गिनती 33:35; व्यव. 2:8; 1 राजा. 9:26-28; 10:11-22)।

पूरब की सेना वापस **उत्तर पश्चिम दिशा की तरफ़ मुड़ गयी** और **एनमिशफत** पहुँची, जो बाद में **कादेश** (कादेश-बर्नियाह) भी कहलाया। वह मरुस्थल में एक हरित स्थान था, जहाँ इस्राएलियों उस वक़्त डेरा डाला था जब उन्होंने कुछ गुप्तचरों कनान में यह पता करने के लिए भेजा था कि वह स्थान कैसा है और वहां के लोग कैसे हैं (गिनती 13:26; 20:22)। यह प्रतिज्ञा के देश की दक्षिण सीमा का प्रतिनिधित्व करता था। इस क्षेत्र में चार राजाओं ने **अमालेकियों के सारे देश को जीत लिया था**। यह लोग कुछ अर्ध बंजारे किस्म के थे जो बाइबल के बाहर अज्ञात है, परंतु इन्होंने इस्राएल पर आक्रमण किया था जब वे मिस्र से निकल कर जंगल में भटक रहे थे (निर्गमन 17:8-16)। इस्राएल के चालीस वर्ष के भटकते रहने के अंत में, बिलाम की न्याय वाणी के दौरान अमालेकी एदोमियों के साथ काफ़ी करीबी से जुड़े थे (गिनती 24:18-20)। शाऊल और दाऊद दोनों ने इनके ऊपर विजय पाई थी (1 शमूएल 15; 27; 30)।

अमोरी जो हससोन्तामार में बसा था: इस स्थान को एनगदी के नाम से भी जाना जाता था (2 इतिहास 20:2)। वह मृत सागर के पश्चिमी तट पर एक जल से भरपूर मरू उद्यान था, जहां दाऊद ने भी शरण ली थी जब वह और उसके लोग शाऊल की सेना से भाग रहे थे (1 शमूएल 23:29; 24:1)। एनगदी "मम्रे के बलूत" जो हेब्रोन ने पास था, से बहुत दूर नहीं था, जहाँ अब्राहम भी बस गया था (14:13)। इसलिए यह कहना तर्कसंगत है कि उस क्षेत्र में कुलपति अब्राहम के अमोरी मित्र थे[6] जिन्होंने उसके साथ पूरी गठबंधन का साथ दिया और सदोम के लोगों और "सदोम और अमोरा की सम्पत्ति" समेत लूत को छुड़ा लिया (14:11-16)।

उत्पत्ति की किताब इस बात का कोई खुलासा नहीं करती कि पूर्वी राजाओं ने इन उत्तर, पूर्व, दक्षिण, और पश्चिम के उन पाँच राजाओं के शहर पर पहले क्यों आक्रमण किया, जिन्होंने उनके ख़िलाफ़ विद्रोह किया था। शायद, वे पश्चिम में मेसोपोटामिया द्वारा नियंत्रित शहर के ख़िलाफ़ बड़े विद्रोही के रूप में उभर

रहे थे या उन पर यह शक था कि उनकी इस विद्रोह में भागीदारी है। उनका असली विद्रोहियों की सीमाओं के आस पास जाने का जो भी कारण हो पर, निःसंदेह इन चार राजाओं ने पाँच शहर-राज्यों में भय की तीव्रता को बढ़ा दिया, जैसे ही लोगों ने प्रत्येक स्थानों में आक्रमणकारियों द्वारा किए गए विनाश की खबर सुनी।

आयतें 8-10. पूर्वी राजाओं ने जब उन छः सामर्थी (वास्तव में विद्रोही) शहरों को परास्त कर दिया, वे युद्ध को अपने विद्रोही दासों तक ले गए। निर्भयता या डींग हांकते हुए बहुत ही आश्चर्यजनक तरीके से, **सदोम**, **अमोरा**, **अदमा**, **सबोयीम**, **और बेला (जो सोअर भी कहलाता था)** इन राज्यों ने आगे बढ़ते हुए आक्रमणकारियों: **कदोर्लाओमेर**, **तिदाल**, **अम्रापेल**, **और अर्योक** पर धावा बोलने की तैयारी शुरु की। उनकी रणनीति मूर्खतापूर्ण साबित हुई। हालांकि **पाँच राजाओं के विरोध में चार राजाओं** को देखने से ऐसा लगता है कि पश्चिम के राजा और उनकी सेना ही विजयी होगी परंतु वे पूरी राजाओं की शक्ति का सामना नहीं कर सके। **सिद्दिम की तराई** में पश्चिम की शक्ति की पराजय हुई (देखें 14:3)।

एक व्याख्यात्मक नोट/पत्री के अनुसार **सिद्दिम की तराई तारकोल के गड्ढों से भरी थी**। "टार" या "डामर" एक प्राकृतिक हाइड्रो कार्बन पदार्थ है जो डामर के नाम से भी जाना जाता है। इसका भण्डार मध्य पूर्वी देशों के कई स्थानों में पाया जाता है, और यह कभी-कभी ज़मीन से बुदबुदाते हुए भी निकल आता है। इसका उपयोग बाबुल की मीनार के लिए इस्तेमाल हुई ईंटों को बनाने के मसाले के रूप में किया गया था (11:3)। महान *(जिग्गुरत)* जो ऊर में था, जहाँ अब्राहम भी पला बढ़ा था, उसकी ईंटों का बाहरी कार्य भी इसी पदार्थ से हुआ था।[7] इन्हीं सब बातों ने विद्वानों को यकीन दिलाया कि सिद्दिम की तराई, जहाँ युद्ध हुआ था, वह मृत सागर के दक्षिण भाग में स्थित थी। प्रथम शताब्दी में जोसेफस ने मृत सागर को "असफालतितिस झील" नाम दिया[8] क्योंकि डामर के बड़े-बड़े कुछ डले अकसर उसके ऊपरी भाग पर तैरते रहते थे, और इसी तरह की कुछ बातें आज भी सुनने को मिलतीं है।[9]

यह कहानी आगे बढ़ते हुए यह भी कहती है कि **सदोम और अमोरा के राजा डर से भाग खड़े हुए** और इन्हीं डामर के गड्ढों में गिर पड़े। स्वाभाविक सोच यही कहती है की वे वहीं मृत्यु को प्राप्त हुए सिवाय इसके की सदोम के राजा का ज़िक्र पुनः 14:17 में पाया गया है। इसमें कोई समस्या की बात नहीं है क्योंकि इब्रानी क्रिया נָפַל *(नापाल)* "गिरना" का अर्थ भी एक व्यक्ति की अपनी इच्छा से स्वयं को नीचे झुकाना होता है। उदाहरण के लिए, रिबका ऊँट से "उतरी" *(नापाल)*, या "नीचे आई," इसका वर्णन 24:64 में पाया जाता है। अगर 14:10 में भी क्रिया का इस्तेमाल कुछ इस तरह ही हुआ है तो इसका अर्थ ये है की सदोम और अमोरा के राजाओं ने जान बूझकर, छिपने और मृत्यु से बचने के इरादे से उस गड्ढे में छलांग लगा दी होगी (देखें यहोशू 10:16)। इसके विपरीत, अगर इस

क्रिया का आम अर्थ लिया जाए तो राजा गलती से उस टार (डामर) के गड्ढे में गिर कर मर गए, इसका अर्थ ये है के उनके अधीन व्यक्तियों ने उनके मरने के तुरंत बाद ही नए राजा ठहरा दिए होंगे। अंत में, सदोम के राजा ने उन लोगों के लिए अब्राहम से बात की जिनको छुड़ा कर वह लौट रहा था (14:17)। जो भी हो उन पाँच राजाओं की बुरी तरह से हार हुई थी। और युद्ध में बचे हुए लोग **पहाड़ों की तरफ़ भाग गए थे**।

आयतें 11, 12. युद्ध के परिणाम स्वरूप, चारों राजा युद्ध के मिली वस्तुओं को ले गए, जिसमें **सभी प्रकार की वस्तुएं और सदोम और अमोरा** की सब खाने की चीज़ें और लोग भी शामिल थे। इसके साथ-साथ **अब्राहम के भतीजे लूत** और उसके परिवार की सारी संपत्ति भी बंधुवाई में चली गयी थी क्योंकि वे उस समय **सदोम में ही निवास कर रहे थे**। यह लूत के विषय में एक नई जानकारी थी, इससे पहले जब लूत का ज़िक्र आया था तब उसने "अपना तम्बू सदोम के निकट खड़ा किया था" (13:12)। अब वह उस नगर में रह रहा था; भले ही उसका और उसके परिवार का युद्ध को बढ़ावा देने में कोई हाथ नहीं था फिर भी उसे और उसके लोगों को सदोम के लोगों का दुर्भाग्य सहना पड़ा क्योंकि उन लोगों ने मूर्खता पूर्वक पूर्व के राजाओं के ख़िलाफ़ विद्रोह किया था।

अब्राहम द्वारा लूत और अन्य बंधकों को छुड़ाया जाना। (14:13-16)

[13]तब एक जन जो भाग कर बच निकला था उसने जा कर इब्री अब्राम को समाचार दिया; अब्राम तो एमोरी मम्रे, जो एश्कोल और आनेर का भाई था, उसके बांज वृक्षों के बीच में रहता था; और ये लोग अब्राम के संग वाचा बान्धे हुए थे। [14]यह सुनकर कि उसका भतीजा बन्धुआई में गया है, अब्राम ने अपने तीन सौ अठारह शिक्षित, युद्ध कौशल में निपुण दासों को ले कर जो उसके कुटुम्ब में उत्पन्न हुए थे, अस्त्र-शस्त्र धारण करके दान तक उनका पीछा किया। [15]और अपने दासों के अलग-अलग दल बान्धकर रात को उन पर चढ़ाई करके उन को मार लिया और होबा तक, जो दमिश्क की उत्तर ओर है, उनका पीछा किया। [16]और सारे धन को, और अपने भतीजे लूत, और उसके धन को, और स्त्रियों को, और सब बन्धुओं को, लौटा ले आया।

आयत 13. अब्राहम निःसंदेह इस बात को जानता था कि उत्तर, पूरब, दक्षिण, और मृत सागर के पश्चिमी क्षेत्रों के मध्य युद्ध हुआ है; पर उसे सदोम और अमोरा क्षेत्र के संबंध कोई जानकारी तब तक नहीं थी जब तक, **एक भागे हुए ने मम्रे के बांज के पास आकर**, जहाँ **वह रह रहा था** (देखें 13:18), उसे बताया। इसी व्यक्ति ने अब्राहम को लूत और उसके परिवार के विषय में जानकारी दी। उसने ये भी बताया को मैदानी इलाकों के नगरों को पूर्व के राजाओं के द्वारा करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा है, और लोग बंधुवाई में चले गए है - और उसके साथ लूत - और उनका सारा भोजन, सारी वस्तुएं और सारी संपत्ति भी।

यह वृत्तांत इस बात को उजागर करता है कि उस भागे हुए **व्यक्ति ने अब्राहम**, **इब्री** को बुरी खबर दी। इस वाक्य का इस्तेमाल स्पष्ट रूप से उसे **अमोरी भाइयों** से अलग करने ले लिए हुआ है; **मम्रे, एश्कोल**[10] **और आनेर**। ये पहली बार था जब עִבְרִי *(इब्री)*[11] शब्द का इस्तेमाल पुराने नियम में हुआ था, और यह शब्द अब्राहम के लिए सिर्फ़ एक ही बार इस्तेमाल हुआ था। बाद में यह शब्द यूसुफ की कहानी में (39:14; 40:15; 41:12; 43:32) और इस्राएलियों के इतिहास में नज़र आता है (निर्गमन 1:15; 2:6, 11; 1 शमूएल 4:6; 13:3, 19; 14:11; 29:3; यिर्म. 34:9; योना 1:9)। इसका प्रयोग अब्राहम के वंशजों की अन्य जातियों से अलग पहचान के लिए किया जाता था।

एक समय था जब "इब्री" और "हबिरू" (कभी-कभी "हपिरू" या "अपिरू" भी उच्चारित किया जाता है) शब्द में समानता के कारण यह समझा जाता था कि इनमें कोई संबंध है। हबिरू शब्द सारे प्राचीन पूर्व का पास के लेखों में पाया जाता है, बीसवीं शताब्दी से लेकर ग्यारहवीं शताब्दी ई.पू. तक। यह लोग जातीय दृष्टि से मिले जुले थे जो एक स्थान से दूसरे स्थान में घूमते रहते और जहाँ कहीं ये जाते इनके साथ हमेशा बाहरवालों जैसा ही बर्ताव किया जाता। कभी-कभी यह भगोड़ों के समान घूमते और लुटेरों के जैसे कार्य करते थे। इस समूह के सदस्य नगरों और राज्यों के छोटे मोटे राजाओं की सेना में किराए के सैनिकों के रूप में भी काम करते थे। वे इस्राएली जिन्होंने बाद में कनान पर अधिकार किया उन्हें हो सकता है कि कनानी लोगों ने इन्हें हबिरू जाति का समझा होगा। फिर भी इब्री का हबिरू के साथ किसी भी संबंध के होने की संभावना को त्याग दिया गया क्योंकि हबिरू का ज़िक्र प्राचीन पूर्वी लेखों में इब्री लोगों के आने और बढ़ कर एक बड़ी जाति बनने के सौ वर्ष पूर्व किया गया है। वे लोग कनान में उस समय छापा मार रहे थे जब इस्राएली लोग या तो मिस्र की बंधुवाई में थे या जंगलों में भटक रहे थे।[12]

सदोम और अमोरा की पराजय तथा लूत और उसके परिवार के बंधक बनाए जाने का समाचार अब्राहम के लिए दुखदायी था, परन्तु वह पहले से ही तीन अमोरी भाइयों: मम्रे, एश्कोल और आनेर के साथ रक्षात्मक वाचा बांधे हुए था। इन तीन अमोरियों के पास लड़ाई करने योग्य सेवक थे, जैसे की अब्राहम के पास भी थे, सो उन्हें वचन में **अब्राम के सहयोगी** कहा गया है।

इब्रानी वाक्यांश בַּעֲלֵי בְרִית *(बालेबेरिथ)* का यथाशब्द अर्थ "वाचा का धारक"[13] या "संधि में बंधे लोग"[14] होता है। (बेरिथ) सामान्यतः "वाचा" या दो पक्षों के बीच बाध्य समझौते के लिए इस्तेमाल होता है। यह वही शब्द है जिसका इस्तेमाल परमेश्वर ने नूह के साथ वाचा बंधते समय किया (6:18; 9:9-16) तथा अनेक बार अब्राहम के साथ भी इस्तेमाल किया (15:18; 17:2, 4, 7, 9, 10)। आने वाली शताब्दियों में, मूसा की व्यवस्था के तहत इस्राएलियों को कनान के अमोरियों के साथ वाचा बाँधने पर प्रतिबंध था क्योंकि ऐसा करने से लोगों के हृदय यहोवा से विमुख होकर दूसरे देवताओं की सेवा करने में लग

जाएंगे (व्यव. 7:1-4)। यह बात अब्राहम के संदर्भ में कोई समस्या नहीं जान पड़ती है जिसने गरार के राजा के साथ वाचा बाँधी और उसपर बने रहने की परमेश्वर के सामने शपथ खायी (20:1, 2; 21:22-24)।

ऐसा क्या कारण था की तीन अमोरी भाई उनकी भूमि पर रहने वाले एक परदेसी के साथ वाचा बाँधने को तैयार थे? बाइबल इस सवाल का निश्चित उत्तर नहीं देती, परन्तु उनके इस निर्णय के कई कारण हो सकते है। (1) वे शायद अब्राहम को एक धनी और शक्तिशाली पुरुष (मुखिया या शेख़) जिसके पास बहुत से सेवक या दास के रूप में देखते थे जो उसके हित की रक्षा करने के लिए लड़ सकते थे। (2) उनको शायद यह ज्ञात था कि अब्राहम और उसके साथी कुछ ही समय पहले मिस्र से दास, सोने और जानवरों से युक्त बहुत सारी सम्पत्ति के साथ लौटे है। इसके पीछे की पूरी कहानी ना जानते हुए उन्होंने यह निष्कर्ष निकाला होगा कि किसी महत्वपूर्ण मिस्री ने, या शायद स्वयं फिरौन ने, उसको सम्मानित किया होगा। (3) जब वे अब्राहम के साथ संगति करते थे, संभवतः उसने उन्हें अपनी मेसोपोटामिया छोड़ कनान देश जाने के लिए परमेश्वर की बुलाहट की कथा सुनाई हो, जहां परमेश्वर उसे और उसके घराने को आशीषित करेगा, साथ ही उसके द्वारा उन्हें भी आशीषित करेगा जो उसे वहाँ मिले। इन में से कोई या सारे कारणों की वजह से वे अमोरी भाई इस बात के इच्छुक थे कि अब्राहम के साथ वाचा बांधे, उसके साथ युद्ध के लिए जाए, और उन आशीषों को बाटें जिनके लिए वह उनकी ओर से मध्यस्थता कर सकता था (देखें 14:19, 20, 24)।

आयत 14. जैसे ही अब्राहम ने **सुना की उसका सम्बन्धी** लूत[15] (और उसके साथ-साथ उसका परिवार और सारी संपत्ति भी) **बंधुवाई में चली गयी है**, वह तुरंत हरकत में आ गया और अपने **प्रशिक्षित पुरुषों को तैयार किया**। इब्री शब्द חָנִיךְ *(चानिक)* का अनुवाद "प्रशिक्षित" किया गया है, और सारे पुराने नियम में यह शब्द सिर्फ़ एक ही बार पाया जाता है। इसका संभावित अर्थ "शस्त्रधारी सेवक" है, जैसे की छोटे-छोटे पलिश्ती राजाओं (मुखियों) के साथ जुड़े लोग (दूसरी सहस्राब्दी ई.पू. के आरंभिक काल में) जिनका अब्राहम के समय मिस्र के शापित लेखों में विवरण है।[16] यहाँ, भले ही 318 पुरुष को अब्राहम ने किराए के सैनिकों के रूप में नहीं रखा था। उसके विपरीत वे उसके दास ही थे जो **उसके घर पर ही उत्पन्न हुए थे**; उनके माता-पिता ने भी अब्राहम की मेसोपोटामिया से कनान की यात्रा के कई वर्षों पूर्व उसकी सेवा की होगी। यह दास उन दासों से अलग थे जिन्हें मिस्र में फिरौन ने उसे भेंट स्वरूप दिया था, क्योंकि मिस्री कुछ समय के लिए ही उसके साथ थे। कुलपति अब्राहम न सिर्फ़ धनी व्यक्ति था परंतु वह एक शक्तिशाली सरदार (शेख) भी था। उसके परिजनों की संख्या भी हज़ार से अधिक थी। उसके 318 प्रशिक्षित लड़ने वाले महत्वपूर्ण योद्धाओं की टोली थी।

अब्राहम और उसके आदमियों ने **दान तक पीछा किया**। दान का प्रारंभिक नाम "लैश" (या "लेशेम") था। न्यायियों के युग के समय ही दान के गोत्र ने शहर

पर अधिकार किया और उसे नया नाम दिया था (न्यायियों 18:29; देखें यहोशू 19:47)। इसके कुछ समय बाद, किसी शास्त्री ने उत्पत्ति के लेखों में इसका नाम बदल कर "लैश" से "दान" कर दिया, ताकि बाद में पढ़ने वालों को यह ज्ञात हो कि अब्राहम के काल में किस स्थान में यह निर्णायक युद्ध हुआ था।

आयत 15. अपनी सेना को **कई भागों में बाँट कर**, अब्राहम ने अपने शत्रुओं पर आक्रमण कर उनके डरा दिया। बाद के इस्राएल के इतिहास में भी हम पढ़ते हैं कि गिदोन ने भी सिर्फ़ 300 आदमियों के साथ इसी कार्य नीति को अपनाते हुए मिद्यानियो को परास्त किया था (न्यायियों 7:16-23)। अब्राहम के विभाजन में तीन अमोरी भाई भी शामिल थे। उसके **मित्र राष्ट्रों ने शत्रुओं को होबा तक खदेड़ दिया जो दमिश्क के उत्तर में स्थित थी।**

आयत 16. उत्पत्ति के लेखक ने पूर्वी सेना को सफ़लतापूर्वक निकाल बाहर किए जाने के विषय की कोई चर्चा नहीं की है, परंतु हमें हारान में अब्राहम से परमेश्वर की वाचा को नहीं भूलना चाहिए: "और जो तुझे आशीर्वाद दें, उन्हें मैं आशीष दूंगा; और जो तुझे कोसे, उसे मैं शाप दूंगा।" यहाँ पर उन सामर्थी राजाओं की सेना स्वयं परमेश्वर द्वारा शापित की गयी थी (अब्राहम की सेना द्वारा पराजय) क्योंकि उन्होंने लूत और उसके परिवार को उसके दास दासियों और सारी संपत्ति समेत बंधुवा बना लिया था। यह भाग इस कथन के साथ समाप्त होता है कि जीतने वाले से लूट का माल वापस हासिल कर लिया। और स्पष्ट रूप से देखें तो उन्होंने **लूत को उसकी सारी संपत्ति को वापस प्राप्त कर लिया**, उनकी स्त्रियाँ और सभी दास और दासियाँ भी जो पूर्वी राजा ले गए थे।

अब्राहम का दो राजाओं से भेंट करना (14:17-24)

17जब वह कदोर्लाओमेर और उसके साथी राजाओं को जीत कर लौटा आता था तब सदोम का राजा शावे नाम तराई में, जो राजा की भी कहलाती है, उससे भेंट करने के लिये आया। 18जब शालेम का राजा मलिकिसिदक, जो परम प्रधान ईश्वर का याजक था, रोटी और दाखमधु ले आया। 19और उसने अब्राम को यह आशीर्वाद दिया, कि परम प्रधान ईश्वर की ओर से, जो आकाश और पृथ्वी का अधिकारी है, तू धन्य हो। 20और धन्य है परम प्रधान ईश्वर, जिसने तेरे द्रोहियों को तेरे वश में कर दिया है। तब अब्राम ने उसको सब का दशमांश दिया। 21जब सदोम के राजा ने अब्राम से कहा, प्राणियों को तो मुझे दे, और धन को अपने पास रख। 22अब्राम ने सदोम के राजा से कहा, परम प्रधान ईश्वर यहोवा, जो आकाश और पृथ्वी का अधिकारी है, 23उसकी मैं यह शपथ खाता हूं, कि जो कुछ तेरा है उस में से न तो मैं एक सूत, और न जूती का बन्धन, न कोई और वस्तु लूंगा; कि तू ऐसा न कहने पाए, कि अब्राम मेरे ही कारण धनी हुआ। 24पर जो कुछ इन जवानों ने खा लिया है और उनका भाग जो मेरे साथ गए थे; अर्थात आनेर, एश्कोल, और मम्रे मैं नहीं लौटाऊंगा वे तो अपना - अपना भाग रख लें।

आयत 17. कहानी की आरम्भ में, **सदोम का राजा** अहंकारी था और **कदोर्लाओमेर** के राजा के साथ युद्ध करने को तैयार था (14:8, 9)। युद्ध शुरु होने पर, उसकी सेना शत्रु की सेना से हारने लगी, पर वह इससे बच सकता यदि वह लसार (टार) के गड्ढों में छिप जाता (टिप्पणियों को देखें 14:8-10)। परंतु कहानी के इस भाग पर, सदोम का राजा बाहर आया और अब्राहम के सामने, जिसने कदोर्लाओमेर पर जय पाई थी, अपमानित होकर खड़ा हुआ।

वह स्थान जहाँ सदोम के राजा और अब्राहम ने मुलाकात की वह **शावे की तराई थी (जो राजा की भी कहलाती थी)**। "शावे" का अर्थ "मैदान" या "तराई" है। इस स्थान का दूसरा ज़िक्र सिर्फ़ 2 शमूएल 18:18 में पाया है; अबशालोम ने अपने नाम को बनाए रखने के लिए इस जगह पर एक लाठ खड़ी कराई थी क्योंकि उसके कोई बच्चे नहीं थे। माना जाता है कि शावे यरूशलेम के दक्षिण और पूर्वी इलाकों से कुछ दूरी पर एक छोटा सा मैदान था, जहाँ किद्रोन, हिन्नोम, और टायरोपोयं की तराई आपस में मिलते थे।[17]

आयत 18. शालेम का राजा, जिसका नाम **मलिकिसिदक** था, वह भी अब्राहम से भेंट करने आया। मलिकिसिदक का अर्थ है "धर्म का राजा" और उसकी पहचान "शालें का राजा" का अर्थ "शान्ति का राजा" है (इब्रा. 7:2)। भजन संहिता 76:2 में, "शालेम" यरूशलेम का प्राचीन नाम है, जो "सिय्योन" के समानांतर है। जब दाऊद ने अपने शक्तिशाली आदमियों के साथ, यबूसिओं के सिय्योन नाम के गढ़ को ले लिया और वहां अपना महल खड़ा किया। उसने उसको "दाऊद का शहर" नाम दिया (2 शमूएल 5:7, 9; 1 इतिहास 11:5, 7)। सुलैमान के समय, दाऊद का शहर विशेष रूप से "सिय्योन" के नाम से जाना जाता था (1 राजा 8:1)।

पूर्वी राजाओं के ऊपर जय प्राप्त करने के लिए मलिकिसिदक अब्राहम को धन्यवाद देता है, इसलिए वह युद्ध से लौटे योद्धाओं के आराम के लिए **रोटी और दाखमधु का प्रबंध करता है**। रोटी और पानी आमतौर पर सेना को दिया जाता था पर रोटी और दाखमधु सिर्फ़ राजाओं को दिया जाता था (1 शमूएल 16:20)। और इन सामग्रियों के साथ हमेशा पशुओं का बलिदान दिया जाता था (गिनती 15:2-10; व्यव. 14:22-26; 1 शमूएल 1:14; 10:3)। सच यह है की मलिकिसिदक ने अब्राहम और उसके आदमियों के साथ जिस शाही अंदाज़ व्यवहार किया यह उसके चरित्र के बारे में भी कुछ बताता है। वह एक अच्छा और धर्मी राजा था जो वास्तव में उन लोगों का सम्मान करना चाहता था जो अपनी जान जोखिम में डाल के ऐसे खतरनाक और लम्बे लक्ष्य को पूरा करने निकले थे।

राजा होने के साथ-साथ, मलिकिसिदक **परम प्रधान परमेश्वर का याजक भी था** אֵל עֶלְיוֹן *(एल एलयोन)*। "एल" एक इब्रानी शब्द है जो "परमेश्वर" के लिए इस्तेमाल होता है, और 'एलयोन एक श्रेष्ठसूचक विशेषण है जिसका अर्थ है "सबसे महान/श्रेष्ठ।" अन्य सन्दर्भ में इस शब्द का अर्थ "ऊँचा," "सर्वोच्च" और

"महान" है।[18] इसलिए यह परमेश्वर को दी जाने वाली उपाधि के लिए बिल्कुल सटीक है, जो स्वर्ग और पृथ्वी पर प्रभुता करता है।

क्योंकि एक कनानी देवता "एल" और "एलयोन" एक अन्य देवता का नाम था (उसके पोते का), मलिकिसिदक का चित्रण एक अन्य जाति याजक के रूप में किया गया है जो "एल एलयोन" नामक देवता की आराधना करता था। इस धारणा के साथ एक समस्या यह है कि "एल" और "एलयोन" कनानी पौराणिक कथा के अनुसार दो अलग-अलग देवता थे और ऐसा कोई प्रमाण इस साहित्य में नहीं मिलता जिससे ये साबित हो की यह एक ही ईश्वर है।[19] अगर यह परमेश्वर का याजक कनानी राजा था, उससे यह अपेक्षा की जाएगी कि वह अपने किसी देवता के नाम पर आशीर्वाद दें न कि एक ऐसे मिश्रित नाम वाले ईश्वर के नाम पर जिसे अब्राहम और अमोरी भाई जो उसके साथ थे, अपरिचित थे। आगे यह भी अति असंभव सा लगता है कि मलिकिसिदक को एक मसीहा के रूप, धार्मिकता और शान्तिः के सच्चे राजा के रूप में ऊँचा किया जाए (भजन 110:1-4; इब्रा. 7:1-4, 17, 21), जब तक की वह अब्राहम से मिलने के पहले से ही इन आचरण से जाना जाता रहा हो। लेखक इस बात को प्रकट नहीं करता कि राजा कैसे सच्चे परमेश्वर को जान पाया था; पर संभव है कि परमेश्वर ने ही उस पर स्वयं को प्रकट किया हो उसके लिए जो उसने अब्राहम के साथ किया (12:1-3; प्रेरितों 7:2-4) और सदियों बाद परमेश्वर ने कुछ ऐसा ही बिलाम के साथ भी किया (गिनती 22:1-24:25)।

आयत 19. मलिकिसिदक ने फिर अब्राहम को यह कहते हुए आशीष दी, **"परमप्रधान ईश्वर की ओर से, जो आकाश और पृथ्वी का अधिकारी है,"** तू धन्य हो। मलिकिसिदक द्वारा अब्राहम को आशीष दिया जाना यह दर्शाता हैं कि परमेश्वर का याजक और "धार्मिकता का राजा" (इब्रा. 7:2) होने के कारण वह यहूदियों के पुरखाओं से ज़्यादा महान था। धर्मगुरु इस बात पर वाद विवाद करते हैं, और कुछ मलिकिसिदक के याजकपद को अब्राहम से छोटा बताते है। अन्य लोग, उसे सम्मान देते हैं, यह विश्वास करके कि वह एक स्वर्गदूत था, शायद प्रधान स्वर्गदूत मीकाएल।[20] यद्यपि, इब्रानियों का लेखक यह स्थापित करता है कि वह दिव्य व्यक्ति तो नहीं था परन्तु एक महान "पुरुष" था, जिसका वंश (पूर्वज और वंशज) यहूदी लोगों के लिए अज्ञात था (इब्रा. 7:3, 4)। इस वंशावली का न मिलना उसे उन लोगों की दृष्टि में तुच्छ बनाता है जो यह मानते हैं कि याजक का पद निर्धारित करने के लिए वंशावली का होना एक निर्णायक घटक है।

पुराने नियम के अनुसार, जो भी व्यक्ति आशीष देता है, चाहे वह याजक हो या राजा, वह आशीष दिए जाने वाले से बड़ा होता है (निर्गमन 39:43; गिनती 6:22-27; व्यव. 10:8; 2 शमूएल 6:18)। अब्राहम से मलिकिसिदक का श्रेष्ठ होने का एक विवाद रहित संकेत, इब्रानियों 7:7 में दिए गये इस कथन में स्पष्ट है कि "छोटा बड़े से आशीष पाता है।" इसलिए, इब्रानियों का लेखक मलिकिसिदक

की श्रेष्ठता किसी शारीरिक, राजनैतिक, या आर्थिक उपलब्धियों के कारण नहीं स्थापित करता है, परन्तु, धर्म के राजा और परम प्रधान परमेश्वर का याजक होने के कारण, वह आत्मिक रूप में अब्राहम से श्रेष्ठ था। जब पूर्वकालीन पितर 14:22 में "यहोवा" नाम का प्रयोग करता है, वह सालेम के राजा को सच्चे परमेश्वर की पहचान नहीं बताता, जैसा कि कुछ विश्वास करते हैं। वह सामान्य रूप से प्रभु के व्यक्तिगत नाम का प्रयोग करता है। फिर भी, मलिकिसिदक को इस पदवी की जानकारी नहीं रही होगी, यद्यपि वह पहले से ही एक सच्चे, परम प्रधान परमेश्वर का सेवक था।

इस धर्मी सालेम के राजा द्वारा अब्राहम को सम्मान दिए जाने को पूर्व के राजाओं के प्रति किए गये कार्यों की तुलना में देखा जाना चाहिए, जिन्होंने लूत, उसके लोगों, और उसकी सारी सम्पत्ति को लूट लिया था। जैसा की 14:14-16 के सन्दर्भ में दिया गया है कि, पूर्वी राजाओं ने अब्राहम के भतीजे को लूटने के द्वारा उसको श्राप दिया। यह शक्तिशाली व्यक्तियों का एक और उदाहरण है - जैसे फिरौन 12:17, 18 में - अपने ऊपर श्रापों को डालता है क्योंकि वे अब्राहम के साथ एक सही सम्बन्ध में नहीं था। हालांकि, मलिकिसिदक ने उसे "आशीषित" किया। अब्राहम को आशीष देना उस घटना के प्रति उसके आभार को दिखाता है जो अब्राहम ने पूर्वी राजाओं पर चढ़ाई करके, आक्रमण करके और उन सब को पराजित करके सभी बन्धुओं को स्वतंत्र किया और उन सबकी सम्पत्ति को वापस ले आया।

मलिकिसिदक ने अब्राहम को "परम प्रधान परमेश्वर," के नाम से आशीष दी जिसे उसने "स्वर्ग और पृथ्वी के स्वामी के रूप में पहचाना।" "स्वामी," קָנָה *(कनाह)* शब्द के कई रूपों का अनुवाद, कई बार पुराने नियम में पाए जाते हैं और आम तौर पर जिनको "लाभ" या जायदाद "हासिल" करने के लिए प्रयोग किया गया है।[21] आर. लेयर्ड हैरिस के अनुसार, *(कनाह)* का मतलब कुछ स्थानों में "रचना" करने के लिए भी प्रयोग किया गया है (14:19, 22; व्यव. 32:6; भजन 139:13; नीति. 8:22)।[22] (NASB) में प्रयोग "स्वामी" शब्द के बजाय, अधिकतर अनुवादों के अनुसार 14:19, 22 में *(कनाह)* का अर्थ "निर्माता" दिया गया है (NIV; NEB; REB; NAB; NJB; NJPSV; CEV; NLT), जो इस सन्दर्भ में अधिक स्वाभाविक अर्थ प्रस्तुत करता होगा। कोई महत्वपूर्ण सिद्धांत, यहां दांव पर नहीं लगा है क्योंकि दोनों ही परमेश्वर के एक सच्चे चित्र को प्रस्तुत करते हैं। परमेश्वर स्वर्ग और पृथ्वी का स्वामी है, तो क्यों वह अपनी रचना का स्वामी नहीं हो सकता? इसी तरह, यदि परमेश्वर स्वर्ग और पृथ्वी का स्वामी है, तो वह उसका सृजनहार क्यों नहीं हो सकता है? धर्म विज्ञान की दृष्टिकोण से, एक या दोनों अनुवाद सटीक नज़र आते हैं क्योंकि परमेश्वर सर्वशक्तिमान सृष्टिकर्ता और अपनी रचना को अस्तित्व में रखने का स्वामी है।

आयत 20. मलिकिसिदक ने अपनी आशीषों को ज़ारी रखा। उसने महसूस किया कि अब्राहम ने एक योद्धा होने के शौर्य के कारण विजय हासिल नहीं की,

परन्तु वह और उसके प्रशिक्षित पुरुष बंदियों को छुड़ाने और उनकी सम्पत्ति को लौटाने के लिए परमेश्वर के उपकरणों के रूप में कार्यरत थे। इसलिए, राजा ने स्थापित किया कि वह **परम प्रधान परमेश्वर** ही था, जिसने अब्राहम के शत्रुओं को उसके **हाथ में कर दिया** था।[23] "शत्रु" צַר *(ज़ार)* शब्द का अनुवाद "सताने वाला" भी किया जा सकता है क्योंकि यह शब्द एक बड़ी सेना से घिरे हुए लोगों के डर और पीड़ा को दर्शाता है (यिर्म. 6:24)।[24]

परमेश्वर द्वारा पूर्वी राजाओं को अब्राहम के हाथ में कर देने और मलिकिसिदक द्वारा उसको आशीष देने के परिणाम स्वरूप, कुलपिता ने राजा/याजक को सभी **वस्तुओं का दशमांश दिया**। दशमांश देना एक ऐसा कार्य था जो प्राचीन निकटतम पूर्व में काफ़ी प्रचलित था। लोग याजकों की सहायता के लिए मन्दिरों में देते थे और राजाओं के भवन के लिए भी देते थे।[25] मलिकिसिदक इन दोनों प्रकार के दशमांश के लिए योग्य था, लेकिन यह अत्यंत संदेहात्मक था कि क्या अब्राहम उसे दशमांश तब देता जब वह भी सालेम का एक मूर्तिपूजक कनानी याजक होता। यकीनन, यह व्यक्ति उसी परमेश्वर का याजक रहा होगा जिसकी वह आराधना करता था इसलिए अब्राहम ने पराजित राजाओं की सारी लूट का दशमांश उसे दे दिया। ऐसा करने के द्वारा, उसने अपने वंशजों - याकूब (28:22) और इस्राएलियों - के सामने एक उदाहरण रखा कि उनके लिए आशीष बनना जो परमेश्वर की सेवा करते हैं (लैव्य. 27:30-33; गिनती 18:21-32)।

आयत 21. इस स्थान पर कहानी वापस **सदोम के राजा** की ओर पलटती है, जिसका अब्राहम से व्यवहार मलिकिसिदक के व्यवहार के विपरीत था। सदोम के राजा ने ऐसी मांग रखी जो ईर्ष्यापूर्ण थी, जबकि सालेम के राजा ने रोटी और दाखरस लाकर और आशीर्वाद देने के द्वारा अब्राहम को सम्मानित करके उदारता का प्रदर्शन किया। इसके अलावा, सदोम के राजा की अप्रत्याशित मांग में किसी भी प्रकार का शिष्टाचार या आभार नहीं था। इब्रानियों में सिर्फ़ छह शब्दों में वर्णित वाक्य, का अर्थ है, **"प्राणियों को तो मुझे दे, और धन को अपने पास रख।"** अब्राहम, विजेता होने के नाते, युद्ध की लूट का वितरण निर्धारित करने का अधिकारी था। सदोम के राजा को डर था कि शायद वह लोगों और उसकी संपत्ति दोनों को खुद के लिए रख लेगा।

आयतें 22, 23. शर्मसार और पराजित राजाओं के प्रति अब्राहम का प्रति उत्तर दर्शाता है कि उसने अपने आप को धनी बनाने के लिए आक्रमण नहीं किया था। लेकिन इसके विपरीत, उसने पहले से ही **परम प्रधान परमेश्वर की जो आकाश और पृथ्वी का कर्ता है शपथ**[26] खाई थी की वह उस युद्ध की लूट में से कुछ भी **नहीं लेगा**, यहाँ तक **की सूत या जूती का बंधन** जैसी छोटी वस्तु भी। इस शपथ को लेने के द्वारा, अब्राहम ने प्रमाणित किया कि आशीष के लिए उसका **भरोसा परमेश्वर पर था**। जो भी सफ़लता उसने और उसके आदमियों ने युद्ध में प्राप्त की उसके लिए वह किसी भी सांसारिक राजा का कर्ज़दार नहीं होगा। स्पष्ट तौर से, अब्राहम सदोम के राजा के चरित्र के बारे में पहले से कुछ-कुछ जानता

था। **अब्राहम को धनी बनाने के** उसके किसी भी दावे की सम्भावना को नकारते हुए, कुल पिता ने लूट में से किसी भी प्रकार की वस्तु को रखने से इनकार कर दिया।

आयत 24. अब्राहम ने युद्ध की लूट को ठुकरा देने के अपने व्यक्तिगत निर्णय को अपने साथियों पर नहीं थोपा। उसके **जवान** इस चढ़ाई के दौरान अपने बल को स्थिर रखने के लिए पहले से ही कुछ भोजन वस्तु में से खा चुके थे। न ही अब्राहम ने **आनेर, एश्कोल, और मम्रे** से लूट को वापस लाने के लिए अपनी जान को जोखिम में डालने के बाद उनके यथोचित **हिस्से** को त्याग देने की उम्मीद रखी। इसलिये, उसका फ़ैसला था की वह अपना-अपना **हिस्सा ले लें**, सदोम के राजा के समर्थन के होने न होने के विपरीत।

अनुप्रयोग

अब्राहम "आशीष" की तरह (13:5-7; 14:1-24)

12:2 में अब्राहम के लिए परमेश्वर के वायदे के एक भाग में निर्देश: "आशीष बनने के लिए" शामिल है। अध्याय 13 और 14 में, उसने इस आज्ञा को पूरा करना शुरू कर दिया।

अब्राहम लूत के लिए आशीष था। उत्पत्ति 12:1-3 में, परमेश्वर ने अब्राहम को कई तरीकों से आशीषित करने के लिए वायदा किया था। इस पद के बीच में, परमेश्वर ने कुल पिता को दूसरों के लिए आशीष बनने के लिए आज्ञा दी। यद्यपि, जैसा कि हम अध्याय 12 के अंतिम भाग में देखते हैं कि, आशीष लाने के बजाए, अब्राहम मिस्र में फिरौन के घर पर श्राप ले आया। यह उसके सारा के विषय में इस झूठ को बोलने के निर्णय का परिणाम था कि, वह उसकी बहिन है उसकी पत्नी नहीं (12:13, 17)। सो अब्राहम ने स्पष्ट तौर से इस अनुभव से एक सबक सीखा। जब वह और उसका झुण्ड कनान को लौटा और उसके चरवाहों और लूत के चरवाहों के बीच में मत भेद बढ़ा, तब उसने अपने भतीजे को उसकी इच्छानुसार भूमि के हिस्से को चुनने का अवसर दिया। ऐसा करने में, अब्राहम निश्चित तौर से आशीष बना क्योंकि, लूत का चाचा होने के नाते, उसके पास चुनने का अधिकार पहले था जिसके कारण उसका भतीजा उसकी चुनी हुई भूमि के विपरीत दिशा में जा सकता है। एक और तरीका जिसमें अब्राहम लूत को आशीषित कर सकता था वह यह था कि मिस्र से मिली अपनी कुछ सम्पत्ति में से उसको भी हिस्सा दे (देखें 13:5, 6)।

नए नियम के अनुसार, परमेश्वर अभी भी चाहता है कि उसके लोग दूसरों के लिए आशीष का कारण बने। वह निश्चित तौर से यह नहीं चाहता कि मसीही लोग "बुराई करे ताकि भलाई हो" (रोमियों 3:8); ऐसे कार्य परमेश्वर के नाम को महिमा देने के बजाए उसकी निंदा करते हैं (रोमियों 2:24; 2 पतरस 2:2)। हैं पहाड़ी उपदेश में, यीशु ने अपने चेलों को सिखाया की अपने आस पास के लोगों

के लिए आशीष बनना है। उसने कहा, "उसी प्रकार तुम्हारा उजियाला मनुष्यों के सामने चमके कि वे तुम्हारे भले कामों को देखकर तुम्हारे पिता की, जो स्वर्ग में हैं, बड़ाई करें" (मत्ती 5:16)। पतरस ने इस सत्य को विस्तारपूर्वक करते हुए बताया कि मसीही लोगों को बुराई के बदले बुराई और गाली के बदले गाली देने के लिए नहीं बुलाया गया, पर इस के विपरीत उन्हें आशीष देने के लिए बुलाया गया है; और वह इंगित करता है कि हम "सिर्फ़ [इसी] उद्देश्य के लिए बुलाया गया है" ताकि "आशीषों को प्राप्त कर सकें" (1 पतरस 3:9)। वह स्पष्ट करता है कि "आशीष देने" का सिद्धांत सिर्फ़ "परमेश्वर तुझे आशीष दे" कहने तक ही सीमित नहीं है; लेकिन इसमें कार्य भी सम्मिलित है। प्रेरित अपने पाठकों को "बुराई से हटने और भलाई करने" तथा "मेल मिलाप को ढूंढने और उसी के यत्न में लगे रहने" के लिए चिताता है (1 पतरस 3:11)।

अब्राहम तीन एमोरी भाइयों के लिए आशीष था। जब चार पूर्वी राजाओं की सेनाओं ने मृत सागर के उत्तर, पूर्व, दक्षिण, और पश्चिम के पाँचों राजाओं को, जिन्होंने उनके विरूद्ध बलवा किया था, अलग-अलग करने के लिए चढ़ाई की, तब इस आक्रमण ने उनके निकट में रह रहे अब्राहम और एमोरियों को एक बड़े संकट में डाल दिया। इन पांच राजाओं के विरुद्ध उठे चार राजाओं के हमले से काफ़ी पहले ही अब्राहम इन तीन एमोरी भाइयों: आनेर, एश्कोल, और मम्रे के साथ रक्षात्मक गठबन्धन (वाचा) बना चुका था (14:13)।

हमें यह जानकारी नहीं है कि एमोरी समुदाय की संख्या कितनी थी या कितने योद्धा उनके पास थे, लेकिन अब्राहम के 318 योद्धाओं ने मिलकर काफ़ी बड़ी सेना का रूप ले लिया था, और अमोरी उनको अपने पक्ष में रखना चाहते थे क्योंकि यदि आक्रमणकारी उन पर चढ़ाई करे तो उन का सामना किया जा सके। इसके साथ ही, अब्राहम ने हो सकता है कि इन तीन अमोरी भाइयों के साथ एक सच्चे परमेश्वर द्वारा खुद को बुलाये जाने की अपनी कहानी को बांटा हो। यद्यपि वे समझ चुके थे कि यहोवा ने उसे बड़ी धन संपत्ति के साथ आशीषित किया है।

चारों पूर्वी राजाओं पर विजय हासिल कर लेने के बाद, कुल पिता इन अन्यजातियों के समक्ष गवाही दे रहा था की इस युद्ध में विजेता होने के या लूट में जा चुकी सम्पत्ति को हासिल करने के लिए वह योग्य नहीं था। जैसे ही अब्राहम ने "प्रभु [यहोवा] परम प्रधान परमेश्वर, आकाश और पृथ्वी का स्वामी [या सृष्टिकर्ता] की स्तुति की (14:22), वह कई "देशों" के लिए "एक ज्योति" बन गया גּוֹיִם *(गोयिम,* अन्यजाति; यशा. 49:6)।

अब्राहम अन्यजातियों के लिए आशीष बनने की प्रक्रिया आरम्भ कर चुका था, और उसके वंशज, इस्राएलियों को इस बात को ज़ारी रखना था। काफ़ी समय बाद, सीनै पर्वत पर, परमेश्वर ने अपने लोगों को "याजकों का राज्य; और पवित्र जाति" बनने के लिए कहा (निर्गमन 19:6)। इस्राएल का छुटकारा अपने आप में एक अंत नहीं था। याजकीय राज्य होने के रूप में, परमेश्वर द्वारा चुना गया राज्य आशीषों का एक माध्यम बनने के लिए बचाया गया, जो इस सत्य को

फैला सके कि परमेश्वर कौन है, तथा सभी मनुष्यों को बचाने और आशीष देने के लिए क्या कर सकता है। उन्हें अन्यजातियों की अगुवाई करनी थी ताकि वे अपने झूठे देवताओं को त्याग कर यहोवा की सेवा करने लगे।

कुछ अन्यजातियों को यह संदेश मिला और वे सच्चे परमेश्वर की ओर मुड़ गये। यित्रो, मिद्यान का याजक (निर्गमन 18:1-12), और राहाब, एक वेश्या (यहोशू 2:9-14; 6:22-25), ने यहोवा पर अपने विश्वास का अंगीकार किया। रूत, जो कि एक मोआबिन स्त्री थी, उसने भी यहोवा पर अपने विश्वास को व्यक्त किया और कहा कि अब से वही उसका परमेश्वर होगा (रूत 1:16, 17)। दाऊद के कुछ शूरवीर अन्यजातियों में से थे, जिनमें हित्ती उरिय्याह शामिल था (2 शमूएल 23:36-39; 1 इतिहास 11:39-46)। जब राजगद्दी और राज्य अबशालोम के हाथ में जाता दिखाई देने लगा, तब गती इत्तै ने विश्वास किया कि दाऊद तब भी परमेश्वर का जन था और उसने उस पर और यहोवा पर अपने विश्वास को दिखाया (2 शमूएल 15:21)। दाऊद ने इस पलिश्ती सेनापति को अपनी सेना का एक तिहाई हिस्से का अधिकारी बनाया, और उसने तथा उसके साथियों ने दाऊद के राज्य को अबशालोम के हाथ में पड़ने से बचाया (2 शमूएल 18:1-5)। बाद में परमेश्वर दाऊद को [जाति-जाति27] के लोगों के लिए साक्षी और प्रधान करके पुकारता है (यशा. 55:4)।

अब्राहम सदोम के दुष्ट लोगों और उनके राजा के लिए आशीष था। यह सुनने के बाद कि पूर्वी सेनाओं ने सदोम के लोगों के और अन्य नगरों के साथ-साथ लूत को भी बन्धुआई में ले लिया है और उनकी सारी सम्पत्ति को लूट लिया है, कुल पिता ने तुरंत कार्य किया। उसने अपने योद्धाओं के छोटे से झुण्ड को तीनों भाइयों की सेना के साथ मिलाकर चढ़ाई की। जबकि लूत को छुड़ाए जाने की आवश्यकता थी, उसके चाचा ने अपनी जान जोखिम में डालने के लिए ज़रा सा भी नहीं हिचकिचाया। सदोम के दुष्ट लोगों के बारे में क्या, जो इतने निकम्मे थे कि परमेश्वर ने बाद में उन्हें उस तराई के बाकी नगरों समेत नाश किया (19:24, 25)? अब्राहम का निर्णय इस बात पर आधारित नहीं होना था कि लूत और सदोम के लोग बचाए जाने के योग्य हैं या नहीं, परन्तु इस तथ्य पर आधारित होना था कि वे असहाय हैं तथा उन्हें किसी ऐसे व्यक्ति की ज़रूरत है जो उनकी मध्यस्थता करे।

अब्राहम का कार्य इस बात का उदाहरण था कि कैसे परमेश्वर अपने लोगों को हर युग में अपने पड़ोसी के प्रति प्रत्युत्तर देना सिखाना चाहता है। जब परमेश्वर ने इस्राएल को आज्ञा दी कि, "अपने पड़ोसी से अपने समान प्रेम करो," उसने यह कहते हुए इसकी भूमिका लिखी कि, पलटा न लेना, और न अपने जाति भाइयों से बैर रखना, परन्तु एक दूसरे से अपने समान प्रेम रखना (लैव्य. 19:18)। परमेश्वर जानता था कि उसके लोग इस आज्ञा को अपने अनुसार तोड़ मरोड़ करेंगे और अपने प्रेम को सिर्फ़ उन धर्मी इब्रानियों पड़ोसियों को ही दिखायेंगे जो उनके साथ अच्छा व्यवहार करते हैं। जबकि, पलटा न लेने और बैर

न रखने के प्रतिबन्ध का अलग ही अर्थ है। इसका अर्थ है की चाहे पड़ोसी निकम्मा ही क्यों न हो उसे भी प्रेम दिखाना है।

ठीक यही विचार यीशु की शिक्षा में भी स्पष्ट था, जब उसने दो महान आज्ञाएँ दी: "तू प्रभु अपने परमेश्वर से प्रेम ... रखना और अपने पड़ोसी से अपने समान प्रेम रखना" (लूका 10:27)। जिस व्यवस्थापक से वह बात कर रहा था, जो अपने आप को धर्मी ठहराने की कोशिश कर रहा था उसने पूछा कि, "मेरा पड़ोसी कौन है?" (लूका 10:29)। यीशु ने उसे नेक सामरी की कहानी सुनाई जिसमें वह एक लूटे हुए घायल व्यक्ति की सहायता करता है जिसे सड़क के किनारे मरने के लिए छोड़ दिया गया था। इस वृतांत के अंत में, वह इस प्रश्न को वापस उस की ओर निर्देशित करता है और पूछता है, "इन तीनों में से कौन [याजक, लेवी, और सामरी]" तुम्हारे विचार में उस घायल व्यक्ति के लिए जो डाकुओं के हाथ में पड़ गया था, "अच्छा पड़ोसी साबित हुआ" (लूका 10:36)? सवाल यह नहीं है कि "मेरा पड़ोसी कौन है?" लेकिन यह है कि "मुझे किसका पड़ोसी होना है?" (देखें लूका 10:37)। परमेश्वर अपने लोगों को उन सब के साथ जो ज़रुरतमन्द हो व्यवहारिक और सहयोग देने वाला बनने की इच्छा रखता है - जो जात - पात, सामाजिक - आर्थिक स्तर, या नैतिक तौर से बढ़कर हो। पौलुस बाद में इसी विचार को इन शब्दों में बताता है: "इसलिये जहां तक अवसर मिले हम सब के साथ भलाई करें; विशेष करके विश्वासी भाइयों के साथ" (गला. 6:10)। अब्राहम ने अपने पड़ोसियों के लिए इस प्रकार के प्रेम का प्रदर्शन यीशु के उदाहरण देने से लगभग दो हज़ार साल पहले दिखाया था।

अब्राहम मलिकिसिदक के लिए आशीष था। यह पद इस बात को प्रकट नहीं करता कि मलिकिसिदक ने अब्राहम के, जो एक धनी विदेशी था और जिसकी छोटी सी सेना ने पूर्वी राजाओं पर विजय प्राप्त की, इसके बारे में कैसे सुना होगा। हो सकता है कि यह खबर विशेषकर इन आक्रमणकारियों द्वारा कनान के बाहरी नगरों पर आक्रमण करने के बाद, आग की तरह फ़ैल गयी हो। अब्राहम ने न सिर्फ़ पूर्वी सेनाओं को पराजित किया परन्तु, उसने सदोम के लोगों को और उन की सम्पत्ति को भी छुड़ाया था। मलिकिसिदक इस व्यक्ति से मिलकर रोटी और दाखरस के द्वारा उसका आदर करना चाहता था, वह उसे परम प्रधान परमेश्वर के नाम से जिसका व्यक्तिगत नाम "यहोवा" है उसके नाम से आशीष देना चाहता था। जब कुल पिता ने लूट में की सम्पत्ति का दशमांश मलिकिसिदक को दिया, तो याजक यकीनन इस बात से आशीषित हुआ कि यह विदेशी व्यक्ति सच्चे परमेश्वर के प्रति अपने समर्पण में खरा है और कनान देश में परमेश्वर के प्रतिनिधि के प्रति उदारता के प्रदर्शन के लिए इच्छुक है। मलिकिसिदक को इस खुली भेंट देने के द्वारा, अब्राहम ने एक सत्य का अनुभव किया जिसके बारे में काफ़ी समय बाद यीशु ने बताया: "लेने से देना धन्य है" (प्रेरितों 20:35)।

उत्पत्ति 14:20 दशमांश के विषय में बाइबल में दिया गया सबसे पहला वचन है, लेकिन यह एक प्राचीन प्रथा है। परमेश्वर के लोग अपने सम्पत्ति का

दशमांश प्रभु को धन्यवाद के रूप में और वह सृष्टिकर्ता है जिसके अधीन सब कुछ है इस बात को मानते हुए देते थे। जो भी कुछ हमारे पास है वह उसी के द्वारा हमें दिया गया उपहार है। मन्दिर बनाने के लिए लोगों द्वारा उदारता से दिए जाने के बाद जब दाऊद ने प्रभु के लिए उदारता से दिया, तब उसने प्रार्थना की, "मैं क्या हूँ? और मेरी प्रजा क्या है? कि हम को इस रीति से अपनी इच्छा से तुझे भेंट देने की शक्ति मिले? तुझी से तो सब कुछ मिलता है, और हम ने तेरे हाथ से पाकर तुझे दिया है" (1 इतिहास 29:14)।

पौलुस कुछ शब्दों का प्रयोग करता है जो दाऊद के शब्दों को दोहराते हैं जब वह कुरिन्थ के लोगों को यूरोप और एशिया माइनर की अन्य जातीय कलीसियाओं को यरूशलेम के निर्धन संतों के लिए स्वेच्छा और उदारता से देने के लिए उत्साहित करता है (1 कुरिन्थियों 16:1-4)। प्रेरित इस बात पर ज़ोर देता है कि मसीही दान दाऊद के समय में जैसा था, वैसा ही होना चाहिए: परमेश्वर का अपने लोगों को दिया हुआ अनुग्रह पूर्ण और खुला दान। पौलुस कलीसिया को याद दिलाता है कि वह उन्हें देने कि आज्ञा नहीं देता, बल्कि उनको एक अवसर देता है जिसमें वे अपने प्रेम की ईमानदारी को साबित कर सकें। वह कहता है, "तुम हमारे प्रभु यीशु मसीह का अनुग्रह जानते हो, कि वह धनी होकर भी तुम्हारे लिये कंगाल बन गया ताकि उसके कंगाल हो जाने से तुम धनी हो जाओ" (2 कुरिन्थियों 8:9; देखें 9:7-15)।

समाप्ति नोट्स

[1]चार्ल्स एल. फ़िनबर्ग ने कहा कि बेबीलोन की भाषा में इस नाम का स्वरूप *(अल) लारसा* ("लारसा का शहर") और प्राचीन सुमेरी में नाम "अरारवा" है ("ज्योति का निवास")। (चार्ल्स एल. फ़िनबर्ग, "एल्लासर," इन *द इंटरनेशनल स्टैण्डर्ड बाइबल एनसायक्लोपिडिया*, रेव. एड., एड. जिओफेरी डब्लू. ब्रोमिले [ग्रैंड रैपिड्स, मिक: डब्लू. एम्. बी. अर्डमेंस पब्लिशिंग को., 1982], 2:73-74) हालाँकि कुछ लोग "एल्लासर" को दक्षिण बेबीलोन में "लारसा" (सूर्य देवता की नगरी।) के साथ जोड़ते हैं, उत्तर पश्चिम मेसोपोटामिया के इलाके शासक "अरिओक" से साथ ज़्यादा मेल खाते हैं। [2]के.ए. किचन, *आन दी रिलायबिल्टी आफ़ द ओल्ड टेस्टामेंट* (ग्रैंड रैपिड्स, मिक.: डब्लू. एम्. बी. अर्डमेंस पब्लिशिंग को, 2003), 320. [3]डेविड एम्. होवार्ड, जे. आर., "सिद्दिम, वैली आफ़," इन *द इंटरनेशनल स्टैण्डर्ड बाइबल एनसायक्लोपिडिया*, रेव. एड., एड. जिओफेरी डब्लू. ब्रोमिले (ग्रैंड रैपिड्स, मिक.: डब्लू. एम्. बी. अर्डमेंस पब्लिशिंग को., 1988), 4:499-500. [4]*जेनेसिस अपोक्रेफन* 21. [5]माइकल सी. अस्टुर, "एल-परान," *द एंकर बाइबल डिक्शनरी*, एड. डेविड नोएल फ्रीडमैन (न्यूयॉर्क डबलडे,1992), 2:423. पारान सबसे बड़ा मरुस्थल है जो प्राचीन कनान के पश्चिम से एलत तक फैला हुआ था और सीनै पेनिनसुला का एक भाग भी उसमें समाया है। [6]अन्य अमोरी गढ़ भी यरदन नदी के पूर्व (गिनती 21:13, 21-31) में और पश्चिम (यहोशू 7:7; 10:5-12) में तितर-बितर हो गए। [7]डूआन इ. स्मिथ. "बिटुमेन," इन *द इंटरनेशनल स्टैण्डर्ड बाइबल एनसायक्लोपिडिया*, रेव.एड., एड. जिओफेरी डब्लू. ब्रोमिले (ग्रैंड रैपिड्स, मिक.: डब्लू.एम् .बी. अर्डमेंस पब्लिशिंग को., 1979), 1:521. [8]जोसेफस *एंटीक्वीटीज़* 1.9. [9]जॉन टी. विल्स, *उत्पत्ति*, द लिविंग वर्ड कमेन्ट्री (ऑस्टिन, टेक्स.: स्वीट पब्लिशिंग को., 1979), 227. [10]"एस्कोल" हेब्रोन के पास एक तराई का भी नाम था (गिनती 13:23, 24)। इसका अर्थ है "गुच्छा [अंगूर का]।"

[11]"इब्रानी" एक उपाधि है जो शायद "एबेर" से निकली है (10:21-25; 11:14-16) क्योंकि दोनों शब्द के तीन व्यंजन एक तरह के हैं: עבר *(अबर)*। चूँकि 800 ई. तक इब्रानी भाषा के कोई लिखित स्वर नहीं थे, हम इस बात को नहीं जानते की कैसे शब्दों के भिन्न-भिन्न वर्तनी और उच्चारण कैसे विकसित हुआ। [12]प्राचीन यहूदी भाषाओं के विशेषज्ञों की यह भी मान्यता है कि "'*अपिर* और *इब्र'* को जोड़ना शब्दों के व्यंजनों और स्वरों के बेहद अनूठे दोहरे रूपांतरण द्वारा ही संभव है।" (विक्टर पी. हैमिलटन, *द बुक आफ़ जेनेसिस: अध्याय 1-17*, द न्यू इंटरनेशनल कमेन्ट्री आन ओल्ड टेस्टामेंट [ग्रैंड रैपिड्स, मिक.: डब्लू. एम. बी एर्दामंस पब्लिशिंग., 1990], 405) [13]इसका अनुवाद NASB की कुछ छपाई के छोर में लिखा हुआ है। [14]ब्रूस के. वाल्टके, *जेनेसिस: ए कमेन्ट्री* (ग्रैंड रैपिड्स, मिक.: जानडरवन पब्लिशर्स, 2001), 232. [15]"सम्बन्धी" का अनुवाद אָח *(आख)*, में हुआ है और साथ ही साथ ऐसी ही एक क्रिया इस अभिव्यक्ति में पायी जाती है "हम भाई हैं" (13:8)। [16]विक्टर पी. हैमिलटन, "חָנִיף," *TWOT* में, 1:301. [17]माइकल सी. एसटूर, "शावे, तराई," इन *द एंकर बाइबल डिक्शनरी*, 5:1168. [18]फ्रांसिस ब्राउन, एस. आर. ड्राईवर, और चार्ल्स ए. ब्रिज, *अ हिब्रू एंड इंग्लिश लेक्सीकन आफ़ द ओल्ड टेस्टामेंट* (आक्सफोर्ड: क्लारेनडन प्रेस, 1962), 751. [19]माइकल सी. एसटूर, "मालिकिसिदक," इन *द एंकर बाइबल डिक्शनरी*, 4:684. [20]जॉर्ज जे. ब्रूक, "मलिकिसिदक (11QMelch)," *एंकर बाइबल डिक्शनरी में*, 4:687-88.

[21]ब्राउन, ड्राईवर, एंड ब्रिग्ग्स, 888-89. [22]आर. लेयर्ड हैरिस, "מָגַן," *TWOT* में, 2:803-4. [23]"हाथ में कर देना" מָגַן *(मगन)* क्रिया का अनुवाद है, जो 15:1 में "ढाल" מָגֵן *(मगेन)* के समान शब्द रूप से लिया गया है। यह इब्रानी शब्द रूप दो कहानियों को एक साथ जोड़ने में सफ़ल कार्य करता है। [24]गोर्डन जे. वेन्हम, *जेनेसिस 1-15*, वर्ड बिब्लिकल कमेंट्री, vol. 1 (वाको, टेक्स.: वर्ड बुक्स, 1987), 317; जॉन इ. हार्टले, "צַר," *TWOT* में, 2:779. [25]इस प्रकार के दशवांश का उदाहरण, देखें जॉन एच. वाल्टन, "जेनेसिस," *ज़ोंडरवैन इलस्ट्रेटेड बाइबल बैकग्राउंड्स कमेंट्री*, vol. 1, *उत्पत्ति, निर्गमन, लैव्यव्यवस्था, गिनती, व्यवस्थाविवरण*, एड. जॉन एच. वाल्टन (ग्रैंड रैपिड्स, मिच.: ज़ोंडरवैन, 2009), 83. [26]इब्रानियों के अनुसार अब्राहम ने अपना हाथ यहोवा की ओर बढ़ाया, जिसका अर्थ है कि उसने शपथ खाई। प्राचीनकाल में शपथ खाने का प्रचलित तरीका हाथ उठाकर था जो कि ईमानदारी को दर्शाता था (व्यव. 32:40; यशा. 62:8; दानिय्येल 12:7)। [27]पुराने नियम में इस्राएल परमेश्वर के "लोग" (एकवचन) थे (निर्गमन 3:7, 10; 4:29-31; 5:1; 19:6-11), लेकिन अन्यजातियों को "लोग" (बहुवचन; निर्गमन 19:5; भजन 96:1-13; यशा. 56:6-8), कहा गया, जिनके लिए परमेश्वर की इच्छा थी कि वे उसके लोगों की साक्षी के द्वारा बचाए जाएं।